महत्वपूर्ण एवं खास

शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के अग्रसेन चौक और रामसागरपारा के बीच गुरुदेव सेल्स कॉर्पोरेशन में आधी रात करीब 12.30 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग ड्रायफ्रूट्स , नमकीन, मिठाई एवं कंफेक्शनरी की थोक की दुकान में लगी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुकान के मालिक गौतम चंद जैन जो डी.डी.नगर में रहते है उनको रवि सिंघानिया एवं दुकान के आसपास के लोगों ने करीब एक बजे रात को फोन कर बताया कि उनकी दुकान में आग लग गयी है। इधर पुलिस पेट्रोलिंग ने आग लगने की सूचना पर बिजली विभाग एवं फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दुकान के संचालक, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन कर्मी और विद्युतकर्मी सभी एक साथ मौके पर तुरंत पहुंचे। रविवार सुबह करीब आठ बजे आग पर काबू पाया जा सका तब तक दुकान का फर्नीचर, स्टॉक कंप्यूटर आदि सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इधर हादसे की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। फिलहाल आजाद चौक पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

मड़वारानी मंदिर के पुजारी की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां मड़वारानी मंदिर के पुजारी मंगल सिंह कंवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बताया जा रहा हैं की मृतक ग्राम झींका का निवासी था जिसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है इस बात की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुजारी मंगल सिंह मंदिर में ही रहता था। सुबह-सुबह नहाने के दौरान वह गश खाकर गिर पड़ा जिसे लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है, कि मंगल सिंह का विवाह हो गया था लेकिन पिछले लंबे समय से वह अकेले ही मंदिर में रह रहा था।

हीरों मोटाकॉप का नकली इंजन ऑयल बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। थाना मौदहापारा पुलिस ने कंपनी का नकली ऑयल बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 14 पेटी नकली ऑयल जब्त किया है। मिली जानकरी के अनुसार संजय जादवानी पिता मनोहर लाल जादवानी अधिकृत डिस्टीब्युटर हीरो मोटोकार्प की शिकायत पर मौदहापारा थाना पुलिस ने हीरो मोटोकार्प कंपनी के नकली इंजन आयल बेचने वाले शिव शक्ति लुब्रीकेन्टस देवपुरी के मालिक आरोपी रोहित पिंजानी पिता हरीश पिंजानी उम्र 35 वर्ष निवासी पंजाब नेशनल बैंक के सामने कटोरा तालाब रायपुर को गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ धारा 63,65 कापीराईट एक्ट पंजीबद्ध के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 14 पेटी कुल 280 बोतल हीरो मोटोकार्प का नकली इंजन आयल 4 टी प्लस कीमत लगभग 53 हजार 200 रूपये जप्त किया है।

सर्व गुजराती समाज ने बिहार के उपमुख्यमंत्री के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाया

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले में निवासरत सर्व गुजराती समाज जगदलपुर ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बयान की घोर निंदा करते हुए आज थाना कोतवाली में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है। गुजराती समाज का कहना है कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा मीडिया में जो बयान दिया गया है वह अत्यन्त निंदनीय है। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मीडिया में कहा कि सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस प्रकार के अशोभनीय एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग किया है। तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए इस बयान से गुजराती समाज के साथ-साथ पूरा गुजरात वासी आहत है। उनका यह बयान सभी गुजरातियों का अपमान है।

कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं... जनचौपाल में आए 104 आवेदन, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

- दिव्यांग भूषण को मौके पर दिया गया व्हीलचेयर
- कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में रिहैब फाउण्डेशन की संचालिका को प्रदान किया 18 लाख 75 हजार रूपये का चेक

रायगढ़। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनचौपाल में आज लगभग 104 आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इसी कड़ी में ग्राम-बानीपाथर के दिव्यांग भूषण यादव ने कलेक्टर के समक्ष व्हीलचेयर हेतु आवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर दिव्यांग यादव को समाज कल्याण विभाग ने मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान किया।

आयोजित जनचौपाल में ग्राम-खुरूसलेंगा के चुड़ामणी गुप्ता अपनी पुत्री उमा गुप्ता की पढ़ाई के लिए शिक्षा लोन दिलाए जाने के संबंध में कलेक्टर को कहा। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री बीएससी नर्सिंग फाईनल ईयर में अध्ययनरत है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक शाखा पॉवर प्लांट तमनार में शिक्षा लोन दिलाए जाने के संबंध में आवेदन किया था। जिसके संबंध में बैंक द्वारा समस्त दस्तावेज लिए गए थे और लोन स्वीकृत करने की बात कही थी। लेकिन आज पर्यन्त उन्होंने लोन स्वीकृत नहीं किए। जिसकी वजह से उन्होंने कालेज में फीस जमा नहीं कर पाया और फीस अदा न करने की सूरत में उन्हें कालेज प्रबंधन द्वारा परीक्षा से वंचित करने की बात कही गयी है। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदक चुड़ामणी गुप्ता के आवेदन पर लीड बैंक अधिकारी को शीघ्र ही लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। ग्राम-हमीरपुर से आये दिव्यांग चमरा मेहेर ने कलेक्टर के समक्ष छ.ग.नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृत दिलाये जाने के लिए आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वे 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण कही दूसरे जगह जाकर काम नहीं कर पाते है। उन्होंने कहा कि वे अपना खुद का रेडिमेड व्यवसाय करना चाहते है। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को उद्यम स्थापित हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की रूकी हुई राशि की मांग को लेकर समूह की महिलाएं जनचौपाल में पहुंची थी। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि खरसिया खण्ड के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत समूहों की महिलाओं द्वारा सुपोषण आहार वितरित किया गया था, जिस पर स्वयं समूहों की महिलाओं द्वारा पूरी राशि खर्च की गयी थी। जिसका अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। कलेक्टर सिन्हा ने महिला बाल विकास अधिकारी को आवेदन पर तुरंत जांच करवाने एवं समूह की महिलाओं को उनका राशि दिलवाये जाने के संबंध में निर्देश दिए। ग्राम-खैरपाली के किसान लालाराम किसान सम्मान निधि के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनकी 12 वीं किश्त तक की किसान सम्मान निधि की राशि उनके खाते में आ चुकी है, जबकि 13 वे किश्त की राशि अब तक अप्राप्त है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने डीडीए एग्रीकल्चर को संबंधित किसान के अविलंब किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मचिदा के संदीप कुमार गुप्ता पीडीएस बारदाने की शेष राशि भुगतान करवाने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा बारदाना जमा किया गया था। जिसका कुछ भुगतान तो हुआ है बाकी शेष है। कलेक्टर ने डीएमओ को इस संबंध में जांच करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जनचौपाल में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था रिहैब फाउण्डेशन की संचालिका को प्रशामक गृह योजना अंतर्गत निराश्रित निधि मद से 18 लाख 75 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि प्रशामक गृह योजना अंतर्गत गंभीर बीमारी से ग्रसित वृद्धजनों के इलाज एवं देखरेख किया जाता है। जिसके तहत संस्था के कर्मचारियों के वेतन, भोजन, आवास, मेडिकल सुविधा एवं दवाई हेतु राशि प्रदान की गई है।

हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को अच्छी सुविधाएं व वातावरण देकर दें नई दिशा-कलेक्टर

- वर्षों बाद हुई स्टेडियम समिति की बैठक, पुराने व्यवस्था अनुरूप फीस पर बनी सहमति
- खेलों में रूझान बढ़ाने ग्रीष्म अवकाश में स्पेशल कोंचिग के दिए निर्देश
- जेएसपीएल के सहयोग से स्टेडियम का किया जा रहा जीर्णोद्धार

रायगढ़। स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण हेतु निम्न आय वर्ग के भी बच्चे आते है, हमें उनके प्रति सहानुभूति होनी चाहिए कि कम से कम फीस में उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करायें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने आने वाली पीढ़ी को बेहतर सुविधाएं, वातावरण प्रदान कर उन्हे नई दिशा दें। जिससे वे खेलों में अपना भविष्य बनाने के साथ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित स्टेडियम समिति की बैठक में कही। इस अवसर पर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने रायगढ़ स्टेडियम समिति की बैठक में आय-व्यय, विद्युत देय, स्विमिंग पुल से 11 केव्ही लाईन विस्थापन, खेल युवा कल्याण विभाग का विद्युत मीटर पृथक, जेएसपीएल द्वारा जीर्णोद्धार एवं निर्माण, संग्रहित कबाड़ नीलामी, पार्किंग व्यावस्था, स्पोर्ट कोच नियुक्ति, स्पोर्ट काम्पलेक्स में बढ़े हुए शुल्क निर्धारण, स्टेडियम में सॉफ्टवेयर के माध्यम से शुल्क एवं रसीद संग्रहण, सीसीटीवी कैमरा स्थापित, खेलो में उद्योगों की सहभागिता, स्टेडियम की ड्रेनेज समस्या जैसे विभिन्न बिंदुओं पर समिति के सदस्यों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर सिन्हा ने आय व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संभावित घटना के मद्देनजर स्विमिंग पुल से 11 के.व्ही लाईन विस्थापन करवा दी जाएगी। कलेक्टर सिन्हा ने शुल्क निर्धारण पर समिति की सदस्यों से चर्चा कि समिति के सदस्यों द्वारा कहा कि स्टेडियम में विभिन्न तबके के बच्चे होते ऐसे में पुराने तरह से फीस लिया जाए। जिसमें सभी संघ की सहमति बनी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हमें कोशिश करना चाहिए कि कम से कम फीस रखे, जिससे सभी बच्चे खेल प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान उन्होने स्टेडियम में होने वाले विद्युत व्यय पर कहा पृथक मीटर लगाया जाए एवं आयोजनकर्ता विद्युत भार का वाहन करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जेएसपीएल के माध्यम से स्टेडियम का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्टेडियम को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेएसपीएल एवं स्टेडियम समिति की बैठक किया जाए, जिसमें समिति अपना सुझाव प्रदान करें। जिससे कार्यो को और बेहतर तरीके से किया जा सके।

समिति द्वारा जानकारी दी गई कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के कारण बैडमिंटन कोर्ट खराब हो रही है, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्टेडियम के संग्रहित जीर्णशीर्ण सामानों को नीलामी के निर्देश दिए, इसके साथ ही स्टेडियम में होने वाली गंदगी को रोकने के लिए डस्बीन व्यवस्था के निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने पार्किंग व्यवस्था, स्पोर्ट कोच नियुक्ति, स्पोर्ट काम्पलेक्स में बढ़े हुए शुल्क निर्धारण के संबध में विषय रखी। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि पार्किंग व्यवस्था एवं देखरेख हेतु किसी व्यक्ति को रखा जाए।

आपसी विवाद में पिता पर प्राणघातक हमले का आरोप पुत्र गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के ग्राम बोरण्ड में आरोपी सखाराम धनेलिया अपने ही पिता मीलूराम धनेलिया से खाना नहीं मिलने का आरोप लगाकर लड़ाई-झगड़ा करने लगा और घर में चाकू से अपने पिता को जान से मारने की नीयत से गले पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। घायल मीलूराम धनेलिया की पत्नी प्रार्थिया बिसन बाई धनेलिया के रिपोर्ट पर थाना कुकड़ाझोर में अपराध क्रमांक 03/2023 धारा 307 भादवि का प्रकरण आरोपी सखाराम धनेलिया के विरूद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान कार्यवाही में लिया गया।

टीम गठित कर फरार आरोपी सखाराम धनेलिया के बारे में सूचना मिलने पर घेराबंदी कर थाना कुकडाझोर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम सखाराम धनेलिया पिता मीलूराम धनेलिया उम्र 32 वर्ष जाति निवासी ग्राम बोरण्ड थाना कुकड़ाझोर जिला नारायणपुर का होना बताये और अपने पिता मीलूराम धनेलिया पर चाकू से प्राणघातक हमला करना एवं अपने मेमोरण्डम कथन में घटना में प्रयुक्त छुरी को अपने कमरे के सामने दीवाल में छुपाकर रखना बताने पर उन्हे पुलिस टीम द्वारा बरामद कर कार्यवाही उपरांत आज 27 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय भेजा गया।

आदमखोर बाघ का खौफ : हमले में ग्रामीण की मौत, स्कूलों में अवकाश

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरहदी जिले सूरजपुर में बाघ का खौफ फैल गया है। लोग अब उसे आदमखोर भी कहने लगे हैं। आज सुबह ओडग़ी ब्लाक में बाघ के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गयी, वहीं दो की हालत गंभीर है। इधर बाघों के खौफ के बीच स्कूल में छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। ओडग़ी बीईओ ने सभी संकुल प्राचार्य व जन शिक्षकों को निर्देश जारी कर कहा है कि संवेदनशील क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को आने से मना करें। बीईओ ने आदेश में कहा है कि बाघ के लिए वन विभाग रेस्क्यू कर रहा है। जैसे ही बाघ का रेस्क्यू हो जायेगा, ये आदेश समाप्त हो जायेगा।

गौरतलब हो कि कि सूरजपुर जिले में ओडग़ी ब्लाक के ग्राम कालामांजन में बाघ के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है,जबकि दो लोग बुरी तरह जख्मी है,जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है,घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। कुदरगढ़ के नजदीक हुई इस घटना से ईलाके में दहशत की स्थिति बन गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कालामांजन निवासी समय लाल कैलाश सिंह और राय सिंह जंगल की ओर लकड़ी लेने जा रहे तभी अचानक बाघ ने हमला कर दिया जिससे समयलाल कि मौत हो गई जबकि दो लोग जख्मी हो गए हैावन विभाग के मुताबिक क्षेत्र में तेंदुए के आहट की खबरे है वैसे में यह साफ नही है कि हमला बाघ ने किया है या फिर तेंदुए ने। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत है खास कर चैत्र नवरात्र कुदरगढ़ मेले में जहाँ लोगो का भारी जमावड़ा है।

बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, 11 जिलों में दिख सकता है असर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज रोजाना बदल रहा है. पिछले दो दिनों से तेज गर्मी के बाद आज अचानक मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने के साथ बारिश की चेतावनी है।

लोगों इसके होने वाले प्रभाव और खुद को कैसे बचाना है इसके लिए भी मौसम विभाग ने सतर्क रहने के लिए कहा है.

मौसम विभाग का जारी किया अलर्ट

दरअसल रविवार दोपहर रायपुर मौसम विभाग ने एक अलर्ट जारी किया है. इसके अनुसार इसका असर राज्य के 11 जिलों में दिख सकते हैं. आज शाम गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और बिजली गिरने की प्रबल संभावना है. इसलिए लोगों को सतर्क रहने के लिए मौसम विभाग की तरफ से रविवार को अलर्ट जारी किया गया है।

रायपुर मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार अगले कुछ घंटे प्रदेश के कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर सरगुजा, जशपुर, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा और रायगढ़ जिलों में एक- दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और बिजली गिरने की प्रबल संभावना है. यानी इसका प्रभाव क्षेत्र सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिले होंगे. रायपुर के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया है कि ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण हरियाणा और उससे लगे राजस्थान के ऊपर स्थित है. एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति कर्नाटक से झारखंड तक छत्तीसगढ़ होते हुए गुजर रही है. इसके कारण छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं क्षमता विकास विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

रायगढ़। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं क्षमता विकास दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण 24 एवं 25 मार्च को लखीराम ऑडिटोरियम भवन-खरसिया में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 317 शालाओं से एक-एक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण राज्य एवं जिला परियोजना कार्यलय, समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस संकुल प्राचार्य एलएन पटेल एवं जी.एस.तिवारी के द्वारा प्रारम्भ कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स श्याम कुमार जायसवाल व्याख्याता एवं कमलेश पटेल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समस्त प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर शाला स्तर पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस को राज्य स्तर के कुशल मास्टर्स ट्रेनर्स व्याख्याता के द्वारा समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम दिवस में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा क्षमता विकास का परिचय उद्देश्य लक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसी प्रकार बच्चों या किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना के दौरान चोट लगने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले रेस्क्यू के बारे में जानकारी दी गई। इसी सर्पदंश के स्थिति में पहचान एवं तुरंत किए जाने वाले उपचार के बारे में बताया गया।

मास्टर ट्रेनर द्वारा बारी-बारी से विषय अनुसार प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को बताया गया। जिसमें मौसम व माह के अनुसार होने वाले आपदा एवं बचने के उपाय भी बताये गये। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के अंत मे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई गई। विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण में दिए गए जानकारी और तकनीक को अपनाए जाने की बात कही। द्वितीय दिवस प्रशिक्षण का प्रारम्भ विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक प्रदीप साहू के द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 90 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

रायगढ़। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जिला प्रशासन के सहयोग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ शहरी एवं ग्रामीण के तत्वाधान में रायगढ़ के नंदबाग मैरीज गार्डन में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समाज के 90 जोड़ों ने शादी कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं महापौर जानकी काटजू उपस्थित रही। उन्होंने नवदम्पत्तियों को उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन के लिये अपना आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह के माध्यम से वैवाहिक आयोजनों में मितव्ययता को बढ़ावा देने के साथ नवदंपत्ति को आगामी जीवन के लिए सहयोग प्रदान करने की पहल की जाती है। इस योजना का उद्देश्य कन्या के विवाह में होने वाली हार्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजुलखर्चे को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। जिससे उनकी सामाजिक स्थिति

में सुधार हो तथा विवाह में दहेज की लेनदेन में रोकथाम हो सके। महापौर जानकी काटजू ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

इस अवसर पर सभी जोड़ों को जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल द्वारा उपहार में राशि दी गई। लॉयनेस क्लब दिव्य ऊर्जा के द्वारा ब्यूटिशियन्स की व्यवस्था की गई थी। दिव्य शक्ति समूह द्वारा दीवाल घड़ी, टिल्लू मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वॉटर बॉटल सेट, रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर रायगढ़ द्वारा बेडशीट सेट, लॉयंस क्लब रायगढ़ मिडटाउन द्वारा लेडीज पर्स, शंकर लाल अग्रवाल द्वारा क्राकरी सेट एवं कांता अग्रवाल द्वारा कंगन सेट प्रदाय किया गया। इसी तरह विभाग की ओर से सभी नवदम्पत्तियों को मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, हाथ घड़ी, घर गृहस्थी की सामग्री जैसे बर्तन, कपड़े, आलमीरा, घड़ी इत्यादि दिये गये।

इस मौके पर शंकर अग्रवाल, मनोरंजन नायक, सुषमा प्रकाश नायक, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ जिला अध्यक्ष अनिता नायक, महिला बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के. जाटवार, परियोजना अधिकारी नितेन रंजन बेहरा, हरिप्रिया पटेल और रमोला रानी राय सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी व नव विवाहित दंपत्तियों के परिजन उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU